खास खबरें

कोहेफिजा में ताला तोड़कर 60 हजार के जेवर चोरी

नप्र, भोपालः आई सेक्टर पंचवटी कॉलोनी में अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है। घटना की शिकायत पर कोहेफिजा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है।

कमलानगर में 65 हजार की बाइक चोरी

कमलानगर थाना क्षेत्र के कोटरा से अज्ञात चोर एक हीरो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता दीपक दांगी की बाइक एमपी-39-जेडजे-8106 बताई गई है, जिसकी कीमत करीब 65 हजार रुपये है। घटना के बाद कमलानगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से आरोपी की तलाश कर रही है।

लापरवाही से वाहन चलाने पर हादसा, मामला दर्ज

अशोकागार्डन थाना क्षेत्र में 80 फीट रोड स्थित मजार के पास तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण टक्कर की घटना सामने आई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बागसेवनिया बाजार में वाहन की टक्कर से हादसा

बागसेवनिया बाजार में अज्ञात वाहन चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में डॉ. पूर्णिमा डांके का नाम शिकायतकर्ता के रूप में दर्ज है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भारत टॉकीज चौराहे पर बस की टक्कर

तलैया थाना क्षेत्र के भारत टॉकीज चौराहे पर तेज और लापरवाही से बस चलाने के कारण टक्कर की घटना हुई। पुलिस रिपोर्ट में शिकायतकर्ता कपिल कुमार और आरोपी अज्ञात बस चालक बताया गया है। घटना के बाद तलैया थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मामूली विवाद में कॉलेज छात्र ने चार छात्रों पर चाकू से किया हमला

टीआईटी कॉलेज के थर्ड ईयर के छात्र पर हत्या के प्रयास का केस,

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर में मामूली विवाद के बाद कॉलेज छात्रों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। टीआईटी कॉलेज के थर्ड ईयर के छात्र कृष्णा साहू ने सेकंड ईयर के चार छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया।

हमले में चारों छात्र घायल हो गए। घटना के बाद पिपलानी थाना पुलिस ने कृष्णा साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

बाइक लौटाने गए थे छात्रः पुलिस के अनुसार, चारों छात्र अपने क्लासमेट ऋत्विक की बाइक लौटाने गए थे। ऋत्विक कृष्णा साहू का रूममेट भी बताया जा रहा है। बाइक लौटाने के बाद चारों छात्र अपने एक अन्य साथी को छोड़ने के लिए सोनागिरी पहुंचे थे। इसी दौरान वहां कृष्णा साहू से छात्रों का किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपी ने कथित तौर पर चाकू निकालकर चारों छात्रों पर हमला कर दिया।

हाथ-पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट : चाकू के हमले में चारों छात्र घायल हुए हैं। उन्हें शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस : पिपलानी पुलिस ने कृष्णा साहू के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

करोंद में 35 वर्षीय व्यक्ति लापता : निशातपुरा थाना क्षेत्र के करोंद में मस्जिद के पास से समीम मंसूरी के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई है। रिपोर्ट के अनुसार 35 वर्षीय समीम मंसूरी पिता याकूब खान बिना बताए कहीं चले गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया है। पुलिस लापता व्यक्ति की तलाश में जुटी है।

कल शौर्य स्मारक से भारत माता चौराहा तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

नप्र, भोपालः स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। विधायक भगवानदास सबनानी के नेतृत्व में आयोजित यात्रा सुबह 10 बजे शौर्य स्मारक से शुरू होगी और क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए भारत माता चौराहा पहुंचेगी। यहां राष्ट्रभक्ति के जयघोष और भारत माता की आरती के साथ यात्रा का समापन होगा। तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करना भी जिम्मेदारी है। यात्रा के मार्ग में 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां रहवासी संगठनों, कर्मचारी संगठनों, विद्यालयों के विद्यार्थियों, सामाजिक एवं सेवा संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

मानव संग्रहालय से बोट क्लब तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्वतंत्रता दिवस के 80वें वर्ष के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की ओर से बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा सुबह 11:30 बजे संग्रहालय के जनजातीय आवास परिसर स्थित मणिपुर के कांगला द्वार से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रदर्शनियों से होते हुए भोपाल के राजाभोज ताल स्थित बोट क्लब पहुंची।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने उपस्थित कर्मचारियों, विद्यार्थियों और दर्शकों को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास और उसके महत्व की जानकारी दी। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान में देशभक्ति के नारे लगाए और तिरंगा गीतों का सामूहिक गायन किया। बोट क्लब पर यात्रा का समापन राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुआ।

इस अवसर पर संग्रहालय के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, सुरक्षा कर्मी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

तिरंगे के रंग में रंगा भोपाल, 7 हजार युवाओं ने निकाली यात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य 'वंदे भारत तिरंगा यात्रा' निकाली गई। टीटी नगर स्टेडियम से शुरू हुई यात्रा में संस्थान के करीब 7,000 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थी 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से एमवीएम कॉलेज ग्राउंड पहुंचे, जहां यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। समापन स्थल पर विशेष सभा आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि युवा राष्ट्र की रीढ़ हैं और उनमें राष्ट्रीय चेतना विकसित करना जरूरी है।

सबधाणी कोचिंग का स्वतंत्रता दिवस पर विशेष ऑफर

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भोपाल की प्रतिष्ठित सबधाणी कोचिंग इंस्टीट्यूट (स्थापना 1972) ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत विद्यार्थियों को कोर्स फीस में 60 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है, जिससे छात्र मात्र रुपए 2,900 में एडमिशन ले सकते हैं। इस रियायती फीस में विद्यार्थियों को 6 महीने तक पुलिस कॉन्स्टेबल, बैंक, रेलवे, एसएससी और व्यापम (एमपीईएसबी) सहित सभी प्रमुख सरकारी नौकरी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण और संपूर्ण तैयारी करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने बताया कि रुपए 2,900 की इस फीस में केवल नियमित क्लासेस ही नहीं, बल्कि संपूर्ण परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक सभी शैक्षणिक सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। इनमें प्रामाणिक बुक्स एवं स्टडी मटीरियल, टेस्ट पेपर, डाउट क्लियरिंग क्लासेस, सभी विषयों की शॉर्ट ट्रिक्स, कंप्लीट कोर्स, सेमिनार, डेली टाइम टेबल और मॉक इंटरव्यू शामिल हैं।

मिक्स्ड लैंड यूज पर व्यापारिक संगठनों के साथ बनेगी कार्ययोजना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की प्रबंध समिति की बैठक में आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के स्थायी समाधान और कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के विरोध को लेकर निर्णय लिए गए।

चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बताया कि सभी व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिवों के साथ 'व्यापारी संवाद' बैठक आयोजित कर मिक्स्ड लैंड यूज को लेकर सामूहिक कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही भोपाल का नया मास्टर प्लान लाने पर जोर दिया जाएगा।

कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के विरोध में चेंबर ने नगर निगम के सभी 85 पार्षदों को पत्र भेजकर शुल्क स्थगित करने के पक्ष में मतदान का अनुरोध किया है। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, महापौर मालती राय और एमआईसी सदस्य रवींद्र यति से भी मुलाकात कर इस मुद्दे को परिषद की आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने का अनुरोध किया जाएगा। चेंबर के पदाधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों और नगर निगम आयुक्त से भी शुल्क हटाने की मांग कर चुके हैं। गोयल ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सभी व्यापारिक संगठनों को एक मंच पर लाकर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

पंचायत के सेवा कार्य समाज की भलाई और विकास के लिए महत्वपूर्णः हीरो

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः 'पूज्य सिंधी पंचायत' के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सेवा संकल्प धाम पहुंचकर समाधि स्थल एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संतजी के शिष्य हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि संतजी सदैव मानते थे कि पंचायत द्वारा किए जाने वाले निष्काम सेवा कार्य समाज के उत्थान और विकास की नींव होते हैं। पूज्य सिंधी पंचायत सदैव नगरवासियों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहती है। संस्था पर संत हिरदाराम साहिब जी का असीम आशीर्वाद है और यह आगे भी निरंतर जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहेगी।

पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी व गुलाब जेठानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी व जेठानंद मंगतानी, कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी, सह सचिव माधव पारदासानी, सह कोषाध्यक्ष अमित राजानी तथा ऑडिटर पुरषोत्तम हरचंदानी सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

अपार आईडी नहीं बनी तो रुक सकते हैं बोर्ड परीक्षा आवेदन

भोपाल। मध्यप्रदेश में दसवीं और बारहवीं कक्षा के करीब पौने दो लाख विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन अपार आईडी की अनिवार्यता के कारण प्रभावित हो सकते हैं। इसे देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से चालू शैक्षणिक सत्र में अपार आईडी की अनिवार्यता समाप्त कर इसे वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर प्रदर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर पीएनबी प्रेस कॉम्पलेक्स में प्रदर्शन किया। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी और संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, भोपाल सर्कल के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह केवल सुविधा नहीं, बल्कि कार्य-जीवन संतुलन, स्वास्थ्य और बैंकिंग सेवा की गुणवत्ता से जुड़ा विषय है। महासचिव संजीव मिश्रा ने कहा कि अधिकांश संस्थानों में पांच दिवसीय कार्यप्रणाली लागू है, जबकि बैंक कर्मचारियों से अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है।

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर कन्फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुबिन सिन्हा और सेक्रेट्री दिनेश झा ने भी मांग के समर्थन में विचार रखे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने के नारे लगाए। संयुक्त मंच ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

राजावीर मंदिर में झूलेलाल चालीहा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः हमीदिया रोड स्थित इसरानी मार्केट के राजावीर मंदिर में 'झूलेलाल चालीहा महोत्सव' श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के दौरान आयोजित भव्य महाआरती में पूज्य संत नरेश परदासानी, हीरो फैन्स क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, वरिष्ठ पत्रकार हीरानंद गणवानी एवं रामचंद्र सबनानी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर हीरो फैन्स क्लब के नानक ददलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार दडवानी, रवि ललवानी तथा राजावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष लखू भाई और नरेश भाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान झूलेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यालय सामान्य वन मण्डल भोपाल
74 बंगला, खेल परिसर लिंक रोड कं.-1 भोपाल फोन नं. 2674359 (कार्या.) 2674322 (Fax)
E-mail dfotbpl@mp.gov.in

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन मेसर्स दीपक कपूर टिम्बर मर्चेंट प्रो. श्री दीपक कपूर आत्मज स्व. गोपालदास कपूर पता 148 टिम्बर एण्ड कोल मार्केट निशातपुरा भोपाल की मृत्यु उपरांत आरामशीन का नामांतरण श्रीमती पारूल कपूर मलिक पिता स्व0 श्री दीपक कपूर पति श्री सौरभ मलिक निवासी मं. नं. 4201, बी-सेक्टर पॉकेट 5-6, वसंत कुंज, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के नाम से बिना स्थान परिवर्तन 148 टिम्बर एण्ड कोल मार्केट निशातपुरा भोपाल में किया जाना है। आरामशीन नामांतरण के संबंध में परिवार के किसी सदस्य या अन्य किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। बाद दिनांक कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी। प्रकरण में आरामशीन का नामांतरण श्रीमती पारूल कपूर मलिक पत्नी श्री सौरभ मलिक पता 148 टिम्बर एण्ड कोल मार्केट निशातपुरा भोपाल के नाम से बिना स्थान परिवर्तन के कर दिया जावेगा।

(लोकप्रिय भारती)
भा.व.से. वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वन मण्डल भोपाल

जी-17023/26

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
"चयन भवन", चिनार पार्क (ईस्ट), मैन रोड नं.-1, भोपाल-462011

सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश/भर्ती/पात्रता परीक्षाओं के पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक (सुपरवायजर) के डाटाबेस/पैनल तैयार किये जाने हेतु निम्न मापदण्डों/शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

01. आवेदक राज्य प्रशासनिक सेवा/राज्य पुलिस सेवा/राज्य शिक्षा सेवा के वरिष्ठतम स्तर से दिसंबर 2020 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए हों।
02. आवेदक प्रशासन/पुलिस प्रशासन/शिक्षा अथवा परीक्षाएं आयोजित कराने वाली संस्थाएं जैसे-विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/शैक्षणिक संस्थान इत्यादि से कार्य का अनुभव धारित किए हों।
03. आवेदक सेवानिवृत्त के समय कम से कम द्वितीय श्रेणी की वरिष्ठता स्तर पर कार्यरत रहें हों।
04. आवेदक के विरुद्ध कोई विभागीय जांच/आपराधिक कार्यवाही अथवा न्यायालयीन प्रकरण प्रचलित नहीं हो।
05. आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो।
06. आवेदक भोपाल मुख्यालय पर निवासरत हो।

आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप **म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल** की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उलब्ध है। म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में नियुक्त पर्यवेक्षक (सुपरवायजर) को मण्डल द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर अनुसार मानदेय वाहन भत्ता की पात्रता होगी। जो वर्तमान में मानदेय के रूप में रुपये 3,000/- एवं वाहन भत्ता रुपये 300/- प्रति दिवस है।

आवेदन पत्र **अंतिम तिथि 13.09.2026 तक संचालक, म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल** को प्रेषित किया जा सकता है।

विज्ञापन क्रमांक : 13/2026
म.प्र. माध्यम/127522/2026 संचालक

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ई-7 अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक-ई-7/डी मण्डल द्वारा मंगलम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/05/1996 को पंजीकृत किया गया है। मंगलम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री महेश गुर्जर (महेश कुमार गुजर) आत्मज श्री राम प्रसाद गुजर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 14/02/1997 को निष्पादित करा दिया है। लेकिन उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण मण्डल से नही हो सका एंव इसी बीच श्री महेश गुर्जर (महेश कुमार गुजर) का स्वर्गवास दिनांक 17/06/2026 को हो गया है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति की पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 09/01/2026 को श्री सचिन कुमार सहगल आत्मज श्री अशोक कुमार सहगल के पक्ष में निष्पादित किया गया है। आवेदक श्री सचिन कुमार सहगल आत्मज श्री अशोक कुमार सहगल द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति पंजीकृत वसीयतनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

1279

न्यायालय तहसीलदार वृत्त 3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 2929/अ-6/2026-2027
मौजा-खारखेड़ी तहसील हुजूर, भोपाल

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्शदीप कौर पत्नी श्री गुरमुख सिंह सरोया पता बी 3/504 ग्रीन एकड़ लालघाटी भोपाल म.प्र., ने द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज के आधार पर भूमि खसरा क्रमांक 351/2/2/1/1, 352/1/1/1/1, 353/2/2, 354/2 कुल रकबा में से 6000 वर्गफिट भूमि ग्राम खारखेड़ी प.ह.न. 60 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं राजस्व अभिलेखों की नकल प्रस्तुत की गई है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 25.08.2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11.08.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

1278

न्यायालय , आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय क्रं.1 भोपाल म.प्र.
प्रकरण कमांक 45/ई.सी.एक्ट/2026

सूचना पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2025 को हुई दुर्घटना में श्रमिक श्री बसेर अली/बशीर अली आ. श्री साभा मंडल की मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप क्षतिपूर्ति राशि नियोक्ता दिलीप बिल्डकान लि. द्वारा इस न्यायालय में रूपये 11,91,671/-शब्दों ग्यारह लाख ईकान्वे हजार छः सौ इक्कत्तर रूपये जमा किये गये है। यह राशि कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत जमा की गई है। अतः यदि कोई व्यक्ति धारा 21 कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मृतक का आश्रित हो तो वह दिनांक 24.09.2026 को सुबह 11.30 बजे मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना क्लेम एवं साक्ष्य प्रस्तुत करें और साथ में अपनी शिनाख्तगी के लिए किसी मजिस्ट्रेट द्वारा अटेस्टेड किया हुआ स्वयं का फोटो भी साथ में लावें। उक्त दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है या अन्य किसी कारण से कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी। ध्यान रहे कि उपरोक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रार्थनापत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 12.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुदा के अधीन जारी किया गया।

आयुक्त
कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट-2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी. 645 मण्डल द्वारा श्री बनवीर सिंह राजपूत आत्मज स्व. श्री कुन्दन लाल राजपूत के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 2470-74 दिनांक 13/06/2016 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/03/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती विनीता श्रीवास पत्नी श्री राजू श्रीवास के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 23/03/2023 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती विनीता श्रीवास पत्नी श्री राजू श्रीवास के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

1277

सार्वजनिक सूचना

फार्म लैण्ड क्रं. 28, लोटस हेरीटेज फार्म, ग्राम छान, भोपाल के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रदीप चौकसे आत्मज स्व. श्री रामजी लाल चौकसे निवासी-सिग्नेचर एस-9 समारधा भोपाल के स्वत्व स्वामित्व के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का फार्म लैण्ड क्रमांक 28, जो कि खसरा क्रमांक 468/49 (S) का भाग होकर लोटस हेरीटेज फार्म्स, ग्राम छान तहसील हुजूर जिला-भोपाल में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है- पूर्व में फार्म लैण्ड क्र. 40-बी, पश्चिम में फार्म लैण्ड रोड, उत्तर में फार्म लैण्ड क्रमांक 27-बी, दक्षिण में फार्म लैण्ड क्रमांक 29. जिसका क्षेत्रफल 1750 वर्गफिट है, जो दिनांक 26/07/2010, पुस्तक नं. अ-1, ग्रंथ कमांक 34241 दस्तावेज नं-548 पर पर उप पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध है, गुम हो गए है जो आज दिनांक तक बहुत ढूंढने पर भी नही मिल रहे है। जिसकी सूचना मिसरोद थाना, भोपाल में पंजीकरण संख्या 0054/2026 दिनांक 12/08/2026 को दे दी गयी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना अथवा दस्तावेज मिलते हैं, तो वह मेरे कार्यालय में सूचित करे ।

भवदीय **अजय तिवारी,** अधिवक्ता
ऑफिस-154, महेन्द्रा कॉम्पलेक्स जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मो.नं.-9827227020

1276

आम सूचना
(भूखंड 2000 वर्गफिट स्थित ग्राम बागमुगलिया जिला भोपाल के संबंध मे)

मैं, अपने पक्षकारगण श्रीमती प्रियंका तिवारी पत्नी श्री अभिषेक तिवारी निवासी-म.नं. 74बी प्राईवेट बिजली कालोनी रायसेन रोड भोपाल एवं श्रीमती रीना सोनी पत्नी श्री राजेश सोनी निवासी-म.नं.16 ए-सेक्टर न्यू अशोका गार्डन भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगण के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय अव्यपवर्तित/अविकसित भूखंड जिसका क्षेत्रफल 50 गुणा 40 बराबर 2000 वर्गफिट अर्थात 185.87 वर्गमीटर जो खसरा क्रमांक 270, 271 (नया खसरा क्रमांक 270/2/4) का अंश भाग है जो ग्राम बागमुगालिया प.ह.नं. 43 रा.नि.म. 04 विकासखंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल के नगर निगम वार्ड क्रमांक 53 मे स्थित है मेरे पक्षकारगण के पास उक्त सम्पति के दो मूल प्रीवियस रजिस्टर्ड दस्तावेज (1) ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 31.03.2018 जिसका पंजीयन क्रमांक एम.पी.0597020180122 7948 एवं (2) संशोधन पत्र जिसका ई-पंजीयन क्रमांक एम.पी.0597020180 1270694 दिनांकित 23.04.2018 पक्ष में निष्पादित किये गये थे। उक्त दोनों मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गए है उक्त दस्तावेज गुम होने की सूचना मेरे पक्षकारगण द्वारा थाना अशोका गार्डन मे दिनांक 18.08.2026 को दी गई है। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक), भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में